पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के अस्थि कलश को गोमती में विसर्जित कर दी श्रद्धांजलि

लखनऊः 23 अगस्त, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के अस्थि कलश को गोमती नदी तट स्थित झूलेलाल पार्क में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि समारोह में स्वर्गीय वाजपेयी जी के परिजन, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह, विधान सभा अध्यक्ष श्री हृदय नारायण दीक्षित, उप मुख्यमंत्री द्वय श्री केशव मौर्य एवं डाॅ0 दिनेश शर्मा, बिहार के राज्यपाल श्री लालजी टण्डन, राज्य मंत्रिमण्डल के सदस्य, पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री कलराज मिश्र, समाजवादी पार्टी के संरक्षक श्री मुलायम सिंह यादव, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष श्री महेन्द्र नाथ पाण्डेय, कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री राजबब्बर ने पूर्व प्रधानमंत्री के अस्थि कलश पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शब्दों के माध्यम से अपने भाव व्यक्त किये।

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी देश की राजनीति में महानायक थे जिन्होंने अपने कार्य से दुनिया में भारत की शान बढ़ायी। अटल जी ने जनसंघ और बाद में भारतीय जनता पार्टी में रहते हुए कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया। राज्यपाल ने उनके चुनाव एवं प्रशासनिक दक्षता से जुड़े कई संस्मरण भी साझा किए। उन्होंने कहा कि ऐसे योग्य और वीर महानायक को मैं श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अटल जी अद्भुत व्यक्ति थे। उनकी लोकप्रियता प्रधानमंत्री बनने के कारण नहीं थी। अगर वे प्रधानमंत्री न भी बनते केवल सामाजिक एवं राजनैतिक क्षेत्र में कार्य करते तब भी वे उतने ही लोकप्रिय होते। 35-40 वर्ष पूर्व लोग उन्हें भावी प्रधानमंत्री मानते थे। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पी0वी0 नरसिम्हा राव एवं स्वर्गीय चन्द्रशेखर उन्हें सम्मान से 'गुरूदेव' कहते थे। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी शालीनता की पराकाष्ठा थे और आजीवन सबके लिए प्रेरणा स्रोत रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का देहावसान आजादी के बाद के युग का अवसान है। देश में जब भी महात्मा गांधी के सपनो के भारत, राजमार्गों का निर्माण, संचार क्रांति, आवास योजना की बात होगी, अटल जी को सदैव स्मरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 22 करोड़ जनता की ओर से वे ऐसे विलक्षण व्यक्तित्व को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

श्रद्धांजलि सभा में बिहार के राज्यपाल श्री लालजी टण्डन, समाजवादी पार्टी के संरक्षक श्री मुलायम सिंह यादव, पूर्व मंत्री कलराज मिश्र, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री राजबब्बर, मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, मौलाना कल्बे जव्वाद, फादर राकेश चत्री सहित अन्य धर्मगरूओं

ने भी अपने विचार रखे। श्रद्धांजलि समारोह के पश्चात् पूर्व प्रधानमंत्री की अस्थि कलश को मंत्रोच्चारण के साथ गोमती नदी में विसर्जित किया गया।

पूर्व प्रधानमंत्री के अस्थि कलश को आज केन्द्रीय गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह लखनऊ लाये जहाँ हवाई अड्डे पर राज्यपाल श्री राम नाईक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री द्वय सहित मंत्रिमण्डल के सदस्यगण ने अस्थि कलश के दर्शन कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। हवाई अड्डे से झूलेलाल पार्क स्थित श्रद्धाजंलि स्थल तक सड़क मार्ग से अस्थि कलश यात्रा निकाली गई।

इससे पूर्व कल मुंबई में आयोजित पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित होकर राज्यपाल श्री राम नाईक ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की जिसमें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री व उनके मंत्रिपरिषद के सदस्यगण सहित बड़ी संख्या में स्वर्गीय अटल के स्नेहीजन उपस्थित थे।

अंजुम/ललित/राजभवन (324/31)

शत् शत् नमन
भारत रत्न
श्री अटल बिहारी वाजपेयी
२५.१२.१९२४ - १६.०८.२०१८
श्रद्धांजली सभा
मैं जी भर जीया, मैं मन से मरूं,
लौट कर आऊंगा, कूच से क्यों डरूँ
शत् शत् नमन
भारत रत्न
श्री अटल बिहारी वाजपेयी
श्रद्धांजली सभा

(25 दिसम्बर 1924 - 16 अगस्त, 2018)

(25 दिसम्बर 1924 – 16 अगस्त, 2018)